निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ

पत्रांक–सी0–141 / बा0वि0प0रि0 / पो0 एवं स्वा0 / 2021–22 दिनांक–18 फरवरी, 2022

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी / प्रभारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः आंगनबाड़ी केन्द्रों की आवश्यक सेवाओं के पुनः प्रारम्भ के संबंध में।

जैसा कि आप अवगत हैं कि कोविड–19 को दृष्टिगत् रखते हुए बच्चों की सुरक्षा हेतु सर्तकता बरतते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन पिछले कई माह से बन्द चल रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोविड–19 के समस्त प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए प्राथमिक विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। शासनादेश संख्या–237 / 2022–सी0एक्स0–3 दिनांक 11.02.2022 के आलोक में शासन के File No.54-2013/60/2019-2-1/141623/2022 दिनांक 18.02.2022 के अनुपालन में आंगनबाड़ी केंद्रों को कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दिनांक 21.02.2022 से खोले जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्धारित तिथि से समस्त आयु वर्ग के लाभार्थी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपस्थित होगें। कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश पूर्व में ही दिये जा चुके है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि कोविड–19 के प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन दिनांक 21.02.2022 से आरम्भ कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

(मो0 ज़फर खाँ)
उप निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या /तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश शासन।
2. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3. निदेशक, राज्य पोषण मिशन, लखनऊ।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(मो0 ज़फर खाँ)
उप निदेशक।

Scanned with CamScanner